

पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

बीमार चल रहे हैं सिंगर अरिजीत सिंह


मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का

लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 42 ■ अंक : 129 ■ रविवार, 4 अगस्त 2024 — 3 रुपए — ■ पृष्ठ 4

ANDROID APP ON Google play /ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com


# ऑनलाइन लॉटरी का फैला जाल

**कल्याण-डोंबिवली**

## अवैध ऐप के माध्यम से लॉटरी माफिया द्वारा खिलाड़ियों से धोखाधड़ी

### ■ करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान

**कल्याण.** शिक्षितों की सांस्कृतिक नगरी डोंबिवली के साथ ही ऐतिहासिक शहर कल्याण में ऑनलाइन लॉटरी ने प्रवेश किया है. कुछ लॉटरी माफियाओं ने अपना खुद का ऐप बनाकर ऑनलाइन के नाम पर अवैध लॉटरी का कारोबार शुरू कर दिया है. एक ओर जहां सरकार के करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है. वहीं दूसरी ओर लॉटरी से सिर्फ माफियाओं को फायदा होने से लॉटरी खेलने वाले कई परिवार बर्बादी की ओर जा रहे हैं. स्थानीय पुलिस प्रशासन इस गंभीर समस्या पर तत्काल ध्यान देने और कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है.



युवाओं को नशे की समस्या से मुक्ति दिलाने का बीड़ा उठा चुके महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राज्य में डांस बार, हुक्का पार्लर, पान-बीड़ी स्टॉल और ढाबों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए हैं। सरकार के साथ-साथ स्थानीय स्वशासी निकाय पुलिस की मदद से नशे के अड्डों को नष्ट कर दिया गया है।

हालाँकि, कल्याण-डोंबिवली में फैल रहे ऑनलाइन लॉटरी कारोबार से लॉटरी जुए के आदी लोगों को मुक्त कराने के लिए सरकार द्वारा कोई उपाय नहीं किया जा रहा है। कल्याण के पश्चिम में, डोंबिवली के पूर्व और पश्चिम में रेलवे स्टेशन क्षेत्र में ऑनलाइन लॉटरी की दुकानें स्थापित की गई हैं।

विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि राज्य सरकार को बिना कोई टैक्स चुकाए अवैध तरीके से ऑनलाइन लॉटरी का संचालन किया जा रहा है. अब लॉटरी माफियाओं ने अपना खुद का ऐप बना लिया है और उसके जरिए अपना ऑनलाइन कारोबार शुरू कर दिया है. इससे सरकार के राजस्व को करोड़ों रुपये का नुकसान हो रहा है. मांग है कि ऑनलाइन सेंटर की जांच पुलिस व्यवस्था के साथ-साथ सरकार के संबंधित विभाग से करायी जाये.

### ■ स्कूल-कॉलेज के छात्र हो रहे शिकार

ऑनलाइन लॉटरी के आदी स्कूल और कॉलेज के छात्र बड़ी संख्या में इसमें शामिल हो रहे हैं. लॉटरी जुए की लत ने छोड़े बाद पैसा कमाने की प्रवृत्ति पैदा कर दी है। जागरूक नागरिकों का कहना है कि खिलाड़ियों की बजाय लॉटरी माफिया सबसे ज्यादा फायदा उठा रहे हैं बताया गया था मांग है कि स्थानीय पुलिस प्रशासन इस गंभीर समस्या की ओर तुरंत कदम उठाए और अवैध रूप से शुरू किए गए नए ऑनलाइन सेंटरों पर कार्रवाई करे.

# धर्मांतरण मामला : पुलिस ने 2 को किया गिरफ्तार



### ■ मैंने अपनी मर्जी से धर्म परिवर्तन किया है -लड़की ने कोर्ट में दिया बयान

उल्हास विकास संवाददाता

**उल्हासनगर.** विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में जो धर्मांतरण प्रकरण में अपराध दाखिल किया गया है, उसके तहत पुलिस ने दृष्टि चौधरी (23) और सलीम चौधरी (58) को गिरफ्तार किया है. उन्हें शुक्रवार को उल्हासनगर न्यायालय में पेश किया गया. उस समय दृष्टि ने कोर्ट से कहा कि उन्होंने अपनी मर्जी से धर्म परिवर्तन किया है. किसी के दबाव में उन्होंने धर्म परिवर्तन नहीं किया है. ऐसी जानकारी इस केस के वकील एड. छोटू पंथालिया ने पत्रकारों को दी है.

विदित हो कि पुलिस में दृष्टि की मां कल्पना चौधरी ने उनकी लड़की दृष्टि का धर्म परिवर्तन करके कुछ लोग असामाजिक कार्य उससे कराना चाहते हैं, ऐसा आरोप लगाते हुए स्वतः उनकी लड़की के साथ 10 लोगों के खिलाफ धारा 153 ए (धर्म के आधार पर दो समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना), 295 ए (धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना), 295 (किसी भी पूजा स्थल को नुकसान पहुंचाना), 298 (धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का जानबूझकर इरादा) और 324 (हमला) समेत कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस पर एडवोकेट ने बताया कि सलीम चौधरी का एफआईआर के अनुसार कोई रोल नहीं है. बालिग लड़की ने अपनी मर्जी से धर्म परिवर्तन किया है. इस अपराध को धार्मिक रंग नहीं देना चाहिए था. बालिग लड़की को अपनी मर्जी से दूसरा धर्म स्वीकार करने का अख्तियार हमारे कानून ने दिया है. ये अपराध हो ही नहीं सकता. हम हाईकोर्ट जाएंगे.

### 3 दिन की पुलिस हिरासत

विदित हो कि शुक्रवार को दृष्टि और सलीम चौधरी को कोर्ट में पुलिस ने पेश किया. पुलिस ने कोर्ट को बताया कि शेष आठ आरोपी फरार हैं. उन्हें पकड़ना है. कोर्ट ने दोनों आरोपियों को 3 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है.

# मनपा मुख्यालय की इमारत में पानी का रिसाव

### ■ मरम्मत के लिए 1 करोड़ 17 लाख रुपए का प्रावधान

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर मनपा की इमारत में पानी का रिसाव होने से आयुक्त के आदेश पर मरम्मत का काम शुरू हुआ. भवन की मरम्मत के लिए 1 करोड़ का फंड आवंटित किया गया है और एक प्रशासनिक भवन का प्रस्ताव लंबित है।



उल्हासनगर मनपा मुख्यालय भवन का उद्घाटन 48 साल पहले 3 जून 1976 को हुआ था, जब यह नगर परिषद थी। बाद में 1996 में नगर परिषद को महानगर पालिका में तब्दील कर दिया गया। इमारत के निर्माण में भूतल और दो मंजिल शामिल हैं और तीसरी मंजिल का आंशिक निर्माण कुछ साल पहले किया गया था। बरसात के दिनों में इमारत से पानी टपकने के कारण हर साल लाखों रुपये खर्च कर इमारत पर प्लास्टिक का शेड बनाया जाता है। लेकिन इस वर्ष रिसाव अधिक होने के कारण इमारत का स्ट्रक्चरल ऑडिट किया गया और भवन की मरम्मत के लिए 1 करोड़ 17 लाख का प्रावधान किया गया. ऐसा प्रभारी कार्यपालक अभियंता तरूण सेवकानी ने बताया. मनपा के नवस्थापित प्रशासनिक भवन के प्रस्ताव को आयुक्त अजीज शेख, अपर आयुक्त किशोर गवस की परिकल्पना से मंजूरी दी गयी.

### 15 मंजिला बनेगा नया मनपा का प्रशासनिक भवन

मनपा भवन के प्रवेश द्वार की छत की मरम्मत शुरू हो गयी है और भवन निर्माण विभाग ने आंतरिक मरम्मत कार्य शुरू करने का संकेत दिया है. मनपा का नया प्रशासनिक भवन बनाने का प्रस्ताव सरकार को भेजा गया है और नया भवन 15 मंजिल का होगा. इस पर 110 करोड़ का खर्च आने का अनुमान है. पुराने मनपा भवन के स्थान पर एक नया भवन बनाने का प्रस्ताव है और मनपा कार्यालय को अस्थायी रूप से वीटीसी मैदान में बनाए जा रहे शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे खेल परिसर में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। यह जानकारी प्रभारी कार्यपालक अभियंता सेवकानी ने दी.

# अवैध गैस सिलेंडर कारखाने पर छापा

### ■ 2 गिरफ्तार
### ■ 500 से ज्यादा सिलेंडर जब्त

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ आनंद नगर एमआईडीसी में एक पतरे के शेड में अवैध रूप से गैस सिलेंडरों में गैस भर रहे दो लोगों को पुलिस ने रात में गिरफ्तार किया है. यहां गैस सिलेंडर का कालाबाजार किया जा रहा था. यहां पर 500 गैस सिलेंडर और उसमें गैस भरने वाले सामान मिले हैं. शहर के सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ शिवाजी नगर पुलिस ने अवैध कारखाने पर छापा मारा है. यहां पर अनधिकृत सिलेंडरों में गैस भरा जा रहा था. ये कारखाना शहर पूर्व एमआईडीसी के बोहनोली गांव में है. कारखाने में 500 से ज्यादा भारत गैस, एचपी गैस, स्फूर्ति, गो गैस इन कंपनियों के गैस सिलेंडर मिले हैं.



किसी भी प्रकार की सुरक्षा के उपाय किए बिना यहां अवैध रूप से ये कार्य किया जा रहा था. इस अवैध गैस कारखाने के आसपास केमिकल कंपनियां होने से यहां पर बहुत बड़ा हादसा हो सकता था. एमआईडीसी के अधिकारियों, स्थानीय प्रशासन को भी इस कारखाने के बारे में जानकारी नहीं थी. सामाजिक कार्यकर्ताओं ने रात में शिवाजी नगर पुलिस की मदद से ये छापा मारा है. उस समय गैस सिलेंडरों में गैस भर रहे कुछ मजदूर भाग गए, लेकिन पुलिस ने 2 मजदूरों को पकड़ा है. अग्निशमन दल को भी बुलाना पड़ा. दल के कर्मचारियों ने सभी यंत्रणा को बंद किया. पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि इस अवैध गैस सिलेंडर भरनेवाले कारखाने का मालिक कौन है. उसके भी जल्द पकड़े जाने के आसार हैं.

# शहाड ब्रिज टूटने को लेकर राजनीति शुरू




### ■ MLA आयलानी के विरुद्ध शिवसेना सड़कों पर उतरी
### ■ चुनाव आते ही नेता में आरोप प्रत्यारोप शुरू
### ■ शहर की सड़कें खस्ताहाल में
### ■ आयलानी का खराब रिपोर्ट कार्ड

**उल्हासनगर.** चुनाव आते ही शहर में नेताओं के बीच में आरोप प्रत्यारोप शुरू हो गए हैं, उल्हासनगर 1 शहाड रेलवे उडानपुल के टूटने और शहर की सड़कों पर गड्ढों की समस्या ने एक बार फिर उल्हासनगर में शिवसेना-भाजपा गठबंधन में तनाव पैदा कर दिया है।

शिवसेना शिंदे गुट के युवा सेना कल्याण लोकसभा सचिव विक्की भुल्लर ने विधायक कुमार आयलानी की आलोचना करते हुए शहर में बैनर लगाए हैं। विक्की भुल्लर ने स्पष्ट किया कि वह गठबंधन के खिलाफ नहीं हैं, बल्कि शहर के विकास के लिए उन्होंने यह झंडा उठाया है. ज्ञात हो कि कल शहाड पुल पर आर पार गड्ढा होने से भगदड़ मची। शहर की सड़कों पर बने गड्ढों से नागरिक बहुत परेशान हैं।

शिवसेना नेता के बैनर ने उल्हासनगर शहर में राजनीतिक माहौल गर्म कर दिया है. आयलानी के खराब रिपोर्ट कार्ड ने नेताओं को विरोध का मौका दिया है, क्योंकि कुछ दिनों पूर्व इसी पुल पर पत्थर डालने स्वयं विधायक आए हुए थे और जमकर फोटो सेशन भी किया था। दिखावे के कार्य से जनता अंजान नहीं। शहर की हालत के जिम्मेदार नेताओं को जनता चुनाव में सबक सिखाएगी।

# डोंबिवली में रिक्शा चालक की निर्मम हत्या

### ■ रिक्शा स्टैंड पर रिक्शा की कतार लगाने को लेकर विवाद

**डोंबिवली.** डोंबिवली पूर्व रेलवे स्टेशन के पास रिक्शा स्टैंड पर रिक्शा की कतार लगाने को लेकर दो रिक्शा चालकों के बीच बहस हो गई. इसी विवाद के चलते शुक्रवार रात ठाकुर्ली खंबलपाड़ा इलाके में एक रिक्शा चालक ने दूसरे रिक्शा चालक की धारदार हथियार से हत्या कर दी.

इस संबंध में तिलकनगर थाने में हत्या का मामला दर्ज किया गया है. मारे गए रिक्शा चालक की पहचान अश्विन बजरंग कांबले (28, निवासी समतानगर स्लम, गोलवली, डोंबिवली) के रूप में हुई है। हत्या करने वाले रिक्शा चालक का नाम सुनील गोपाल राठौड़ (35, निवासी डोंबिवली) है। हत्या शुक्रवार रात खम्बलपाड़ा प्रवेश द्वार के पास हुई। मृतक अश्विन के भाई आकाश कांबले ने तिलकनगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है.



पुलिस ने बताया, मृतक अश्विन बजरंग कांबले और सुनील राठौड़ दोनों रिक्शा चालक हैं। डोंबिवली ईस्ट रेलवे स्टेशन के पास रिक्शा स्टैंड पर रिक्शों की कतार को लेकर अश्विन और सुनील राठौड़ के बीच बहस हो गई. इसी विवाद के चलते उनके बीच झगड़ा हो गया। सुनील ने अश्विन को सबक सिखाने की ठान ली थी. मृत रिक्शा चालक अश्विन कांबले शुक्रवार की रात खम्बलपाड़ा प्रवेशद्वार से रिक्शा लेकर जा रहा था तभी सुनील राठौड़ ने उसे देख लिया. राठौड़ ने तुरंत अपना रिक्शा पीछे किया और अश्विन के रिक्शा का पीछा करना शुरू कर दिया। अश्विन को खम्बलपाड़ा के प्रवेश द्वार के पास पकड़ा गया. वहां उसके साथ झगड़ा करने के बाद, सुनील ने रिक्शे से एक लोहे की रॉड निकाली और इससे पहले कि अश्विन कांबले को पता चलता, उसने लोहे की रॉड से उस पर वार किया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# कसारा घाट में पत्थर गिरने के कारण रेल सेवाएं बाधित

**कसारा.** लगातार बारिश के कारण शनिवार सुबह लगभग 7 बजे नासिक-कल्याण रेल मार्ग पर कसारा घाट के टीजीआर 3 सुरंग के पास रेलवे ट्रैक पर एक विशाल चट्टान गिर गई, जिससे भारी मात्रा में पत्थर और मिट्टी का मलबा रेलवे ट्रैक पर गिर गया। जिसके कारण एक्सप्रेस ट्रेनों का शेड्यूल बाधित हो गया और रेलवे प्रशासन अप लाइन पर जाने वाली ट्रेनों के ट्रैफिक को मध्य लाइन पर डायवर्ट कर रेलवे यातायात को सुचारू करने में सफल रहा।



इस बीच सुबह 7.30 बजे से रेलवे कर्मचारी रेलवे ट्रैक से दरारें और मिट्टी का मलबा हटाने की कोशिश कर रहे थे, जबकि विशालकाय पत्थरों को उठाने के लिए क्रेन, जेसीबी की मदद ली गई. इस बीच एक तरफ भारी बारिश और दूसरी तरफ रेलवे ट्रैक पर गिर रही मिट्टी और पत्थर का मलबा कर्मचारियों को काफी परेशान कर रहा था.

सुबह मुंबई जाने वाली राज्यरानी, पंचवटी एक्सप्रेस का समय हो गया. सुबह राज्यरानी एक्सप्रेस इगतपुरी रेलवे स्टेशन पर थी, तभी घाट में पत्थर गिरा और बड़ा हादसा टल गया. उंबरमाली के पास सिग्नल सिस्टम फेल होने से सुबह की रेल सेवा बंद हो गयी. इसी बीच आज सुबह करीब 6 बजे उंबरमाली रेलवे स्टेशन के बीच सिग्नल सिस्टम में खराबी के कारण व्यस्त समय में 1 घंटे से ज्यादा समय तक रेलवे यातायात रुका रहा इस बीच, शनिवार और रविवार को छुट्टियां होने के कारण सैकड़ों मुंबईकर कसारा, इगतपुरी के साथ भंडारदरा, अकोले जाते हैं और निजी वाहनों से कसारा जाते हैं, लेकिन आज सुबह से बारिश शुरू हो गई, ट्रेन सेवा बाधित हो गई.

# अंबरनाथ में कचरा उठाने के लिए 90 करोड़ का ठेका

### ■ हर वार्ड में नई घंटा गाड़ी
### ■ रोजाना कचरा उठाया जाएगा
### ■ फ़िर से समिक्षा कंस्ट्रक्शन को दिया गया ठेका



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ शहर का कचरा उठाने के लिए फिर से समीक्षा कंस्ट्रक्शन को 5 वर्ष के लिए अंबरनाथ नगर परिषद ने 90 करोड़ का ठेका दिया है. विदित हो कि गत दो वर्षों से उपरोक्त ठेकेदार को मुख्याधिकारी ठेका बढ़ाकर दे रहे थे, लेकिन उसका कहना था कि नगर परिषद ने उनका करोड़ों रुपया रोक कर रखा है. ठेकेदार की घंटागाड़ी एवं दूसरे वाहन भी खराब हो गए थे. इसलिए शहर में वह कचरा उठाने का काम तेजी से रोजाना नहीं कर रहे थे. इसलिए शहर में जगह-जगह कचरा दिखाई दे रहा था. अब उसी ठेकेदार समीक्षा कंस्ट्रक्शन को पांच वर्षों के लिए 90 करोड़ रुपयों का ठेका दिया गया है. पांचवी बार निविदा में समीक्षा की कम रकम थी. पांच वर्ष के लिए 90 करोड़ रुपए यानी हर वर्ष के लिए 18 करोड़ और महिने के लिए 1 करोड़ 50 लाख रुपए और हर दिन के लिए कचरा उठाने पर 5 लाख रुपए नपा को ठेकेदार को अदा करना है. ये बताया गया है कि हर वार्ड के लिए नई घंटा गाड़ी, नई हैवी वाहनें होंगी और रोजाना शहर से कचरा उठाया जाएगा.

### अब तो रोज उठाया जाए कचरा....

विदित हो कि गत दिनों कचरे के मसले को लेकर विधायक किणीकर ने एक बैठक लेकर नपा अधिकारियों को खरी-खरी सुनाई थी. उसी दिन निविदा निकाल कर ठेका दिया गया है. पांच कंपनियों ने निविदा भरा था, जिसमें सबसे कम की रकम समीक्षा कंस्ट्रक्शन की थी. इसलिए उन्हें ये ठेका दिया गया है. लेकिन शहरवासी ये कह रहे हैं कि अब तो समीक्षा को शहर से रोजाना कचरा उठाने के लिए कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए.

# हाइप्रोफाइल लड़कियों को शादी का झांसा

### ■ नाशिक से गिरफ्तार हुआ धोखेबाज
### ■ मेट्रोमोनियल एप पर फर्जी प्रोफाइल किया था रजिस्ट्रेशन
### ■ दो लड़कियों को दे चुका है झांसा

**कल्याण.** मेट्रोमोनियल एप पर शादी का फर्जी प्रोफाइल बनाकर लड़कियों को ठगने वाले एक धोखेबाज को कल्याण की खड़कपाड़ा पुलिस ने नाशिक से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी का नाम कुणाल सतीश पाटील है, जो शादीशुदा होने के बावजूद फर्जी प्रोफाइल बनाकर शादी के लिए मेट्रोमोनियल एप पर रजिस्ट्रेशन किया था। खड़कपाड़ा के थाना इंचार्ज अमरनाथ वाघमोड़े ने बताया कि आरोपी कुणाल ने कल्याण के खड़कपाड़ा स्थित एक हाईप्रोफाइल सोसायटी की रहने वाली युवती को शादी का झांसा देकर उससे 60 लाख रुपये की ठगी किया। युवती इंजीनियर है जो एक निजी कंपनी में काम करती है। पुलिस के मुताबिक युवती एक महीने पहले धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद पुलिस धोखेबाज के पीछे पड़ी थी। अंत में इस धोखेबाज को पुलिस ने नाशिक से गिरफ्तार कर लिया।



थाना इंचार्ज वाघमोड़े ने बताया कि आरोपी कुणाल पाटील शादीशुदा है। साथ ही अब तक दो लड़कियों को शादी का झांसा देकर फंसा चुका है। पुलिस ने यह भी खुलासा किया कि मेट्रोमोनियल एप पर आरोपी ने झूठी तस्वीर लगाई थी, जिसको देखकर लड़कियां शादी के लिए उससे संपर्क करती थी। इस एप के जरिए ही कुणाल पाटील और युवती कुछ महीने से एक-दूसरे के संपर्क में थे। आरोपी ने खुदकी और परिवार की मजबूरी बताकर तथा अलग-अलग बहाने बनाकर युवती को 59 लाख 56 हजार का चूना लगा दिया। फिलहाल खड़कपाड़ा पुलिस इस जालसाज को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# फर्जी कॉल सेंटर पर पुलिस की छापेमारी

**भिवंडी.** आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने भिवंडी और नालासोपारा में अवैध सिम बॉक्स से संचालित एक अनधिकृत टेलीफोन एक्सचेंज का भंडाफोड़ किया है। एटीएस ने इस ऑपरेशन में जफर बाबूसमान पटेल (40) को गिरफ्तार किया है।

एटीएस को अवैध सिम बॉक्स की मदद से भिवंडी और नालासोपारा, नया गौरीपाड़ा और रोशनबाग में अनधिकृत टेलीफोन एक्सचेंज संचालित होने की खबर पुलिस को मिली थी। जिसकी पहचान कर एटीएस की टीम ने एक साथ दोनों जगह पर छापेमारी की। छापेमारी में पता चला कि आरोपी फर्जी टेलीफोन एक्सचेंज चलाते हैं।



जिसके बाद एटीएस की टीम ने संबंधित मामले में कार्रवाई शुरू की और इसके मालिक को गिरफ्तार कर लिया। मामले में एटीएस ने जफर पटेल को गिरफ्तार कर लिया है और उसके पास से डेनस्टार कंपनी के 09 सिम बॉक्स, विभिन्न कंपनियों के 246 सिमकार्ड, विभिन्न कंपनियों के 08 वाईफाई राउटर, सिम बॉक्स संचालित करने के लिए उपयोग किए जाने वाले 191 एंटीना और इनवर्टर जब्त किया गया है।

पटेल पिछले डेढ़ साल से इस अनधिकृत टेलीफोन एक्सचेंज को चला रहा था। इससे सरकार को करीब तीन करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। एटीएस ने मामले में एफआईआर दर्ज किया है और जांच के दौरान पटेल को गिरफ्तार कर लिया गया है।

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास — संपादकीय

## युद्ध के मुहाने पर मध्य-पूर्व

करीब सात महीने पहले इजराइल पर हमास के हमले के बाद दोनों पक्षों के बीच टकराव की वजह से गाजा पट्टी में आम लोगों की जिंदगी किस दशा में चली गई है, यह सभी जानते है। इस युद्ध के दौरान त्रासदी का स्तर लगातार ज्यादा गहराते जाने के दौर में कई तरफ से युद्ध विराम के लिए इजराइल पर दबाव बनाने की कोशिशें चल रही थीं। यहां तक अमेरिका भी अपने करीबी सहयोगी से युद्ध को रोकने की उम्मीद कर रहा था। मगर इजराइल का रुख स्पष्ट बना रहा कि वह हमास पर हमले में कोई नरमी नहीं बरतेगा।

इसके बावजूद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर युद्ध विराम की मांग की जा रही थी। अब ईरान में हमास प्रमुख इस्माइल हनियेह की जिस तरह हत्या कर दी गई और हमास के मिलिट्री कमांडर मोहम्मद दिएफ के भी मारे की जाने की खबर आई है, उससे न केवल शांति की उम्मीदों को गहरा झटका लगा है। खुद ईरान ने भी हनियेह की मौत का बदला लेने की बात कही है।

हालांकि अमेरिका ने दोनों पक्षों से तनाव कम करने की गुजारिश की है और ईरान पर जवाबी कार्रवाई न करने का दबाव बढ़ाया है। मगर उसकी अनदेखी कर अगर ईरान ऐसा कोई कदम उठाता है, तो उसके नतीजों का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। दरअसल, हनियेह की मौत के बाद समूचे मध्यपूर्व में जिस स्तर का तनाव उभरा है, वह कभी भी कोई चिंताजनक शक्ल अख्तियार कर ले सकता है। आशंकाएं यहां तक जताई जाने लगी हैं कि हनियेह की मौत के बाद उपजे हालात में अब ईरान इजराइल पर सीधा हमला भी कर सकता है।

अगर ऐसा होता है तो अब तक केवल इजराइल और हमास के बीच सिमटे टकराव की आग में कई अन्य देश खुद को उलझा हुआ पाएंगे। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि अगर युद्ध एक बार शुरू हो जाता है तब उसके बाद उसके अंत का स्वरूप शांति चाहने वाले समुदायों और देशों की इच्छा के अनुरूप नहीं होता है। इसलिए इजराइल ने हमास को सबक सिखाने का नाम लेकर जो जिद पकड़ ली है, उसने दुनिया के एक बड़े हिस्से को चिंतित कर दिया है। संघर्ष विराम की उम्मीदों के बीच समूचे मध्य पूर्व में इस तनाव के गहराने और युद्ध के नए मुहाने खुल जाने की आशंका बढ़ गई है।

# रोजगार-युक्त विकास से ही बढ़ाया जाए बिहार का बल

बिहार के गौरवशाली अतीत के साथ यहां के प्रभावी राजनेताओं, बुद्धिजीवियों और नौकरशाहों की धमक पूरे देश में महसूस की जाती रही है। मगर इस सिक्के का दूसरा पहलू यह है कि यहां के मजदूर भी अपनी मेहनत के लिए पूरे देश में जाने जाते हैं। यहां उपजाऊ मिट्टी है, पर्याप्त मीठा पानी है, तेज दिमाग वाले लोग हैं, फिर भी यह राज्य प्रति व्यक्ति आमदनी में सबसे निचले पायदान पर है। यहां निरक्षरता काफी ज्यादा है, कुपोषण है और औद्योगीकरण की स्थिति काफी खराब है। ऊपर से बाढ़ व सूखे जैसी प्राकृतिक आपदाओं के बीच यह प्रदेश गरीबी और बेरोजगारी से जूझ रहा है। ऐसे में, बिहार की श्रमशक्ति के सामने अवसादी पलायन के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं होता।

यहां के कामगार तमाम यातनाएं व ज्यादती झेलकर भी दूसरे राज्यों में काम करते रहे हैं। गुजरात की कपड़ा मिलों, तमिलनाडु में निर्माण-कार्यों और कोलकाता के कारखानों की ही नहीं, मुंबई तक की सांसें बिहारी मेहनतकशों के बिना उखड़ने लगती हैं। गाड़ी चलाने से लेकर रसोई करने तक के काम ये लोग करते हैं। असम में तो ये पूरी तरह से रच-बस गए हैं। बिहार में हाल में हुए सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, अन्य प्रांतों में सामान्य वर्ग के 5.68 प्रतिशत, पिछडे. वर्ग के 3.3 प्रतिशत, अति पिछड़े वर्ग के 3.3 प्रतिशत, अनुसूचित जाति के 2.5 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति के 2.84 प्रतिशत और अन्य कोटि में 3.22 प्रतिशत लोग नौकरी या रोजगार करते हैं। इनकी कुल संख्या सूबे की आबादी की लगभग 3.5 फीसदी बैठती है, यानी करीब 45,76,250 लोग बिहार से बाहर काम कर रहे हैं।



जीविका की तलाश में गए इन मजदूरों की दर्दनाक मौत की खबरें भी अक्सर आती रहती हैं। तामिलनाडु के तिरुपुर के नजदीक कनियम्पुंडी में जान गंवाने वाला आकाश अकेला मामला नहीं है, मई में गोवा में अस्थायी निवास में सो रहे चार मजदूरों की बस से कुचलकर मौत हो गई और चार घायल हो गए। जम्मू एवं कश्मीर के अनंतनाग में राजा शाह की अप्रैल में गोली मारकर हत्या कर दी गई। केरल में भी मजदूरों की हत्या की गई है। महाराष्ट्र में तो मजदूरों का अपमान कोई छिपी बात नहीं है। इतना ही नहीं, विभिन्न राज्यों के नेताओं ने समय-समय पर बिहार के मजदूरों के खिलाफ बयान दिए हैं। ऐसे में, बिहार के सामने यह चुनौती बढ़ रही है कि यहां रोजगार का सृजन कैसे हो? बिहार सरकार ने कृषि-विकास के लिए चार कृषि रोडमैप बनाए। चौथे रोडमैप के लिए 1.6 लाख करोड़ रुपये का आकलन किया गया है। विडंबना है कि डबल ईंजन की सरकार होने के बावजूद यहां संसाधनों का अभाव रहा है। फलस्वरूप, कृषि में रोजगार का सृजन नहीं हो पा रहा। औद्योगिक निवेश को आकर्षित करने के लिए निवेशकों का सम्मेलन आयोजित हुआ, लेकिन निवेश नहीं आ सका। बुनियादी आधारभूत संरचना के विकास पर भी बल दिया गया और बिजली व सड़कें बनीं, लेकिन इनमें मशीनों का व्यापक उपयोग होने के कारण रोजगार-सृजन नहीं हो पाया। राजद-जदयू की पिछली सरकार ने शिक्षकों की बहाली करके रोजगारपरक सरकार की छवि बनाने की कोशिश की थी, पर इसका क्या असर हुआ, यह सब जानते हैं।

कोरोना काल में तालाबंदी में लोग घर लौटे थे। वे वापस जाना नहीं चाहते थे। तब सरकार से अपील की गई थी कि इन कामगारों की निपुणता की सूची तैयार कर उनका समूह बनाया जाए और उन्हें सहायता देकर जिला स्तर पर विकेंद्रित औद्योगीकरण के प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री और उद्योग मंत्री ने इस बाबत घोषणा भी की थी। मगर शासन कितना गंभीर था, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कुछ ही महीने बाद प्रवासी लोग पुनः पलायन करने लगे। स्पष्ट है, बिहार में औद्योगीकरण का एक अवसर हमने गंवा दिया।

देश के अनेक राज्यों में रोजगार का लगातार अभाव रहा है, इसलिए कई सियासी पार्टियां स्थानीयता को मुद्दा बनाकर बाहरी मजदूरों के खिलाफ बयान देती रहती हैं। सांविधानिक रूप से गलत होते हुए भी मजदूरों में टकराव व परस्पर संघर्ष की स्थिति पैदा होती है। ऐसे में, बिहार में रोजगारपरक विकास-प्रक्रिया विकसित करने की जरूरत है, ताकि सभी को रोजगार मिल सके।



संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

हम सभी एक दिव्य रेशमी धागे से एक दूसरे के साथ जुड़े हुए हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चौनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# टाली जा सकती थी कोचिंग में बच्चों की मौत

इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि जब हादसे की पृष्ठभूमि बन रही होती है, तब सरकारी महकमे नींद में खोए रहते हैं या फिर किसी परोक्ष कारण से उसे नजरअंदाज करते रहते हैं और जब कोई बड़ी त्रासद घटना हो जाती है तब वे जरूरत से ज्यादा सक्रिय दिखते हैं। अफसोसनाक यह भी है कि जो इमारतें अपनी बुनियाद में ही हादसे की जमीन साथ लिए होती हैं, उनके निर्माण के समय या फिर बाद में उनमें नियम-कायदों को ताक पर रख कर संचालित गतिविधियों की इजाजत दी जाती है और जब वहां हुए हादसे में जानमाल के नुकसान का मामला तूल पकड़ लेता है तब आनन-फानन में दिशाहीन कार्रवाई करने का दिखावा किया जाता है।

यह एक तरह से गलत तरीके से या लेनदेन आधारित लाभ पहुंचाने की अघोषित व्यवस्था है, जिसके नतीजे में कोई त्रासदी सामने आती है! राजधानी दिल्ली के राजेंद्र नगर इलाके में एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में बरसात का पानी भर जाने की वजह से भारतीय प्रशासनिक सेवा की परीक्षाओं की तैयारी करने वाले तीन विद्यार्थियों की मौत की घटना इसी का उदाहरण है। इस मसले पर दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार की नीतियों की सख्त आलोचना की और कहा कि आप बहुमंजिला इमारतों की मंजूरी दे रहे हैं, लेकिन नाली की कोई उचित व्यवस्था नहीं है। अदालत ने यह भी कहा कि जब 'रेवड़ी बांटने की संस्कृति' के कारण कर संग्रह नहीं होता है तब ऐसी त्रासदियां होना स्वाभाविक है।

जाहिर है, अदालत ने एक तरह से




समस्या के कुछ बुनियादी कारणों की बात की, जिन पर अगर समय रहते गौर किया गया होता तो शायद हादसे की नौबत नहीं आती और न विद्यार्थियों की जान जाती। यह छिपा नहीं है कि जब इमारतें बन रही होती हैं, तब उसमें नियम-कायदों को ताक पर रख कर भी अपनी सुविधा के मुताबिक निर्माण करा लिया जाता है। इस बात की फिक्र नहीं की जाती है कि यही लापरवाही भविष्य में किसी बड़ी त्रासदी की वजह बन सकती है। इसमें सरकार के संबंधित महकमों के अधिकारियों की भी मिलीभगत या अनदेखी होती है, जो ऐसे निर्माणों को रोकते नहीं या फिर कई बार नियमों के विरुद्ध इजाजत दे देते हैं।

हैरानी की बात यह है कि जब इन वजहों से कोई बड़ी दुर्घटना हो जाती है और उस पर जनआक्रोश उभर जाता है, तब पूरी तेजी से कार्रवाई होती देखी जाती है। इस क्रम में कई बार दिखावे की कार्रवाई करके असली जिम्मेदार लोगों को एक तरह से बचाने की कोशिश की जाती है। राजेंद्र नगर के बेसमेंट में हुए हादसे के बाद वहां सामने की सड़क से गुजरते एक वाहन चालक को बिना देरी किए गिरफ्तार किया गया, मगर उन अधिकारियों के खिलाफ इतनी ही तेज कार्रवाई करना जरूरी नहीं समझा गया, जिनकी अनदेखी, लापरवाही या फिर इजाजत से बेसमेंट में पुस्तकालय चल रहा था। दिल्ली हाई कोर्ट ने इस पहलू पर भी सवाल उठाया है।

अब दिल्ली सरकार की ओर से यह कहा गया है कि राजधानी में संचालित कोचिंग केंद्रों को नियंत्रित करने के लिए कानून लाया जाएगा। उपराज्यपाल ने भी शहर में कोचिंग सेंटरों को विनियमित करने के लिए एक समिति बनाने की घोषणा की। सवाल है कि अब तक कोचिंग सेंटरों की गतिविधियों को किस आधार पर सुरक्षा संबंधी जरूरी उपायों पर अमल करने की बाध्यता से बख्शा गया था और सरकारों की नींद किसी बड़ी त्रासदी के बाद ही क्यों खुलती है!

# दुनिया का सबसे भारी शिवलिंग, मनोकामना होती है पूरी

**जरा हट के**

यह शिव मंदिर गुजरात के सूरत में स्थित है. सूरत के शिव भक्तों के बीच पाल अटल आश्रम में पारदेश्वर महादेव का शिवलिंग काफी पॉपुलर है. इस मंदिर की खासियत ये है कि यह शिवलिंग पूरी तरह से पारा से बना हुआ है. इस मंदिर में बने शिवलिंग का वजन 2,351 किलोग्राम है जो पूरी तरह से पारा से बना हुआ है. शिव भक्तों का ये कहना है कि यहां मांगी गई हर मनोकामना पूरी होती है.

यह शिवलिंग हमेशा से ही शिव भक्तों के बीच आकर्षण का केंद्र रहा है. खासकर सावन के महीने में दूर दूर से लोग इस शिवलिंग का दर्शन करने आते हैं. पारे से बने इस शिवलिंग की वजह से ही मंदिर का नाम पारदेश्वर महादेव मंदिर रखा गया है. शास्त्रों में ऐसा बताया गया है कि पारे की शिविलंग की पूजा करने से रोग और परेशानियां दूर होती है.

इस मंदिर का निर्माण वास्तु



शास्त्र के अनुसार ही किया गया है. पार्देश्वर मंदिर के शिवलिंग के निचले भाग में शिवलिंग के नीचे से तांबे के तार के साथ 3 इंच के पीतल के पाइप से एक घंटी जुड़ी हुई है. इस घंटे को 45 फीट नीचे गड्ढा खोदकर स्थापित किया गया है, जहां से पानी को छुआ जा सकता है. दरअसल, नीचे वो जगह है जहां नाभि होती है. इस तरह से पूरा शिवलिंग 2351 किलो पारे से तैयार किया गया है.

जानकारी के मुताबिक इस मंदिर की स्थापना साल 1977 में की गई थी. हालांकि उस वक्त शिवलिंग का वजन महज 51 किलो था. मोटा पार्देश्वर शिवलिंग की स्थापना साल 2004 में हुई थी. इस शिवलिंग में 12 पारद ज्योतिर्लिंग बेहद अहम हैं. शिवलिंग के बारे में बताते हुए पंडित अरविंदकुमार शास्त्री कहते हैं कि जब वो 10 साल के थे तब से इस मंदिर की सेवा में लगे हैं.

यह दुनिया का इकलौता ऐसा शिवलिंग है जिसका वजन 2351 किलो है. यही वजह है कि यह सिर्फ देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी मशहूर है. 1751 किलो के पारे के शिवलिंग में 600 किलो पारे के नीचे पीतल का हिस्सा है. सौराष्ट्र के समर्थ महंत गुरु महादेवगिरि बापू की प्रेरणा और बटुकगिरि स्वामी के प्रयासों से यहां पारे का शिवलिंग स्थापित किया गया है.

# घर को खूबसूरती के साथ मिलेगी पॉजिटिव एनर्जी

घर एक ऐसी जगह होती है, जहां पहुंचकर दिनभर की थकान दूर हो जाती है और एक अलग ही आनंद का एहसास होता है, लेकिन वहीं अगर घर बिखरा हुआ हो, सजावटी सामान धूल फांक रहे हों, धूप का नामो-निशान न हो, तो ऐसा माहौल नेगेटिव एनर्जी पैदा करता है, जिसका असर आपके मूड और लाइफ पर भी पड़ता है, तो बेसिक नी* में शामिल मकान को खूबसूरत बनाने के साथ उसमें पॉजिटिव एनर्जी भरने के लिए करें ये जरूरी बदलाव.

- घर में कोई भी टूटी-फूटी चीज़ न रखें. बंद घड़ियां, टूटा आईना और हिलता-डुलता फर्नीचर इसके कुछ उदाहरण हैं. इनकी मौजूदगी से घर में नेगेटिव एनर्जी बनी रहती है.
- कभी आपने सोचा है कि खिली-खिली धूप देखकर खुशी का एहसास क्यों होता है. दरअसल सूरज की रोशनी से शरीर में सेरोटोनिन नामक हॉर्मोन रिलीज होता है, जो मूड को बेहतर बनाता है. इसलिए इंटीरियर कराते समय ध्यान रखें कि घर में पर्याप्त रोशन आए. अगर कोई ऐसी जगह है, जहां रोशनी नहीं आती, तो वहां आईना लगाएं. आईना एक तरह से प्रिज्म का काम करेगा यानि रोशनी उससे टकरा कर दूसरे हिस्से में पहुंचेगी, जिससे वह कोना भी रोशन हो जाएगा.
- घर में लगे पौधे सिर्फ खूबसूरती ही नहीं बढ़ाते, बल्कि ताजगी भी बिखेरते हैं. इन्हें लगाने से घर की हवा भी शुद्ध बनी रहती है, साथ ही तनाव भी दूर होता है. इसलिए ड्राइंगरूम, लॉबी, स्टडी, वॉशरूम मतलब जहां-जहां पॉसिबल हो, पौधे लगाएं.

### ये जरूरी बदलाव करें फिर देखें चमत्कार



थोड़ा और एक्सपेरिमेंट कर सकते हैं, तो हैंडमेड चीज़ों के साथ पौधों लगाएं. ये और ज्यादा यूनिक लगेगा.

- घर में पॉजिटिव एनर्जी भरने में रंगों का बहुत बड़ा योगदान होता है. इसलिए सोच-समझकर रंगों का चयन करें. गहरे-भड़कीले रंगों की जगह लाइट कलर खुशनुमा एहसास कराते हैं.
- घर में छोटे-मोटे बदलाव करते रहें, इससे घर की खूबसूरती बढ़ती है और आपके अंदर की क्रिएटिविटी को भी बाहर निकलने का मौका मिलता है. उदाहरण के लिए घर के मुख्य द्वार पर कोई अच्छी फोटोज, तरह-तरह के हाथ से बनी चीज़ें लगा सकते हैं, लेकिन हां एंट्रेस को इन चीज़ों से पूरी तरह न भर दें. घर में एक-दो फर्नीचर ऐसे रखें जिसमें आप रिलैक्स होकर पढ़ सकें या कुछ देर बैठ सकें.
- घर के एक छोटे से हिस्से को क्रिएटिव कॉर्नर बनाएं. इस जगह को अपने स्कूल, कॉलेज, शादी की फोटोज़ से सजाएं. इन चीज़ों को देखने भर से मन खुश हो जाता है.
- पढ़ने के शौकीन हैं, तो घर के एक कोने को किताबों से भी सजा सकते हैं. इसके साथ ही एक विजन बोर्ड भी लगाएं. उस पर बावी योजनाओं को दर्शाने वाले चित्र लगाएं या कोई प्रेरणादायक मैसेज, जिससे आपको डेली काम करने की मोटिवेशन मिलें.

# चना तोरई की सब्जी

**खाना-खजाना**

आज हम आपके लिए एक नए ट्विस्ट के साथ चना तोरई की सब्जी बनाने की रेसिपी लेकर आए हैं. चना और तोरई का ये यूनीक कॉम्बिनेशन यकीनन आपको और आपके बच्चों को भी बेहद स्वादिष्ट लगेगा, और वो लोग इसको देखकर मुंह नहीं बनायेंगे. तो चलिए जानते हैं चना तोरई की सब्जी बनाने की रेसिपी.

### सामग्री :

- तोरई 2
- प्याज 1 छोटा
- कटा हुआ 1/2 टमाटर
- तेल 3 बड़े चम्मच
- चना दाल 1/4 कप
- राई 1 छोटा चम्मच
- जीरा 1 छोटा चम्मच
- करी पत्ते 5-6
- लाल मिर्च पाउडर 1 छोटा चम्मच
- धनिया पाउडर 1 छोटा चम्मच
- गरम मसाला 1 छोटा चम्मच
- अदरक-लहसुन का पेस्ट 1 छोटा चम्मच
- स्वादानुसार नमक
- पीस गुड़ 1 छोटा (ऑप्शनल)



### विधि :

इसको बनाने के लिए आप सबसे पहले चने की दाल को धोकर भिगो दें. फिर आप एक कढ़ाई में सरसों का तेल डालकर गर्म करें. इसके बाद आप इसमें राई, जीरा, चुटकी भर हींग, करी पत्ते और कटा हुआ प्याज डालें और भून लें. फिर आप इसमें अदरक-लहसुन का पेस्ट डालकर अच्छी तरह से पकाएं. इसके बाद आप इसमें सारे सूखे मसाले और कटे हुए टमाटर डाल दें. फिर आप इसमें लाल मिर्च पाउडर, गरम मसाला और चना दाल डालें. इसके बाद आप इसको मिलाकर करीब 10 मिनट तक पकाएं. फिर आप इसमें तोरई और नमक डालें और थोड़ी देर पकाकर गैस बंद कर दें. अब आपकी स्वादिष्ट और हेल्दी तोरई की सब्जी बनकर तैयार हो चुकी है. फिर आप इसको धनिया पत्ती से गार्निश करके गर्मागर्म रोटी या पराठे के साथ सर्व करें.

# लहसुन को छीलना अब नहीं लगेगी मुसीबत

लहसुन के बिना कई पकवान अधूरे हैं. लहसुन का तड़का दाल से लेकर सब्जी तक के स्वाद में इजाफा कर देता है और नॉन वेजिटेरियन्स डिशेज का तो खास इंग्रेडिएंट ही लहसुन है. सिर्फ स्वाद ही नहीं, लहसुन से खाने की खुशबू भी बढ़ जाती है, लेकिन लहसुन के साथ सबसे बड़ी प्रॉब्लम होती है इसके छीलना, जो एक टास्क से कम नहीं होता. हालांकि इस काम को आप बहुत ही आसानी से और जल्दी निपटा सकते हैं उसे हल्का गर्म करके. आइए जानते हैं कैसे.

### लहसुन को छीलने का आसान उपाय

- सबसे पहले लहसुन को ऊपरी सख्त भाग को काटकर अलग कर लें.
- अब इसे टांसपेरेंट पन्नी में लपेट दें.
- इसे माइक्रोवेव में 20 सेकंड तक गर्म कर लें.
- माइक्रोवेव से निकालकर लहसुन की पूंछ पकड़कर इसे दबाएं, आसानी से छिलके से निकल जाएंगे.

### टिप्स



- अगर आपके घर में माइक्रोवेव न हो, तो आप इसे तवे या कड़ाही में हल्का भूनकर छील सकते हैं.
- वैसे धूप में 20 से 30 मिनट रखने से भी काम बन जाएगा.
- लहसुन को आसानी से छीलने के लिए उसे पांच से दस मिनट पहले पानी में भिगो दे. इससे भी छिलके आसानी से उतर जाते हैं.

# शेविंग के दौरान लग गया है कट

### तो करें इन चीजों का इस्तेमाल, जलन से मिलेगी राहत

जो पुरुष दाढ़ी रखते हैं, वो इसे काफी अच्छे से मैंटेन भी करते हैं। दाढ़ी मैंटेन करने के लिए बहुत से पुरुष तो बाहर जाकर शेव कराते हैं लेकिन बहुत से पुरुष घर पर ही शेव करना सही समझते हैं। कई बार जल्दबाजी के चक्कर में रेजर के त्वचा कट जाती है, जिसे हम रेजर बर्न कहते हैं। रेजर से कट होने की वजह से कई बार परेशानी इस कदर बढ़ जाती है कि घाव तक हो जाता है।

कई बार तो रेजर कट की वजह से स्किन हल्की खुरदुरी हो जाती है और दाने निकलने लगते हैं। आमतौर पर ये समस्या खराब क्वालिटी का रेजर या ब्लेड यूज करने के कारण होती है। ऐसे अगर शेविंग करते वक्त रेजर से कट लग गया है तो घबराने की जरूरत नहीं है। आप कुछ घरेलू चीजों के इस्तेमाल से इस समस्या से राहत पा सकते हैं। यहां हम आपको कुछ ऐसी ही चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं।



### फिटकरी

आपको आपकी रसोई में फिटकरी अवश्य मिल जाएगी। ऐसे में जब शेविंग करते वक्त कट लग जाए तो फिटकरी को साबुन की तरह त्वचा पर मलें। इससे खून रुक जाएगा और संक्रमण का खतरा भी नहीं रहेगा। ये जलन से भी राहत दिलाएगी।

### ठंडा पानी और बर्फ

जैसे ही रेजर से कट लगे तो बिना सोचे सबसे पहले कट पर ठंडा पानी डालें। ये तुरंत ही खून को रोकने का काम करता है। इसके साथ ही आप आईस क्यूब का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। ठंडे पानी और बर्फ के इस्तेमाल से जलन से भी राहत मिलती है।

### शहद

शहद में कई प्रकार के एंटीसेप्टिक गुण होते हैं। ऐसे में रेजर से कट लगने पर इसे तत्काल प्रभाव से कट पर लगाएं। ये आपके घाव को जल्द ही भरने का काम करेगा।

### एलोवेरा जेल

हर घर में एलोवेरा का पौधा तो होता ही है। ऐसे में आप अपने कट लगने पर तत्काल ही एलोवेरा जेल का उपयोग करें। यह त्वचा को ठंडक पहुंचाता है और घाव को तेजी से ठीक करने में मदद करता है।

### नारियल तेल

आपको आपके घर में नारियल का तेल अवश्य मिल जाएगा। ऐसे में कट लगने पर तुंरत नारियल तेल का उपयोग करें। यह एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुणों से भरपूर होता है। ऐसे में इसके इस्तेमाल से संक्रमण का खतरा टल जाएगा।

### हल्दी पाउडर

अगर आपको कहीं कुछ न मिले तो रेजर के कट लगने पर तुरंत ही हल्दी पाउडर का उपयोग करें। इसमें प्राकृतिक एंटीसेप्टिक और एंटीबायोटिक गुण होते हैं, जो घाव को जल्दी सही करते हैं और संक्रमण को भी रोकते हैं।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## आज का राशिफल

**मेष :** यात्रा लाभदायक रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। कोई बड़ी समस्या का हल सहज ही होगा। समय अनुकूल है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शेयर मार्केट से मनोनुकूल लाभ होगा।

**वृषभ :** परिवार के किसी व्यक्ति के स्वास्थ्य पर खर्च होगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जल्दबाजी न करें। विवाद को बढ़ावा न दें। फालतू खर्च होगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

**मिथुन :** आय में वृद्धि होगी। लाभ में वृद्धि होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। समय की अनुकूलता का लाभ लें। यात्रा लाभदायक रहेगी। रुका हुआ धन प्राप्त हो सकता है।

**कर्क :** आर्थिक उन्नति की योजना बनेगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। नए उपक्रम प्रारंभ हो सकते हैं। कार्यसिद्धि होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। मान-सम्मान मिलेगा। जल्दबाजी से काम बिगड़ सकते हैं।

**सिंह :** नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। दुष्टजनों से सावधान रहें। प्रमाद न करें। धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। व्यापार मनोनुकूल लाभ देगा।

**कन्या :** बनते कामों में विघ्न आ सकते हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। बेकार बातों की तरफ ध्यान न दें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय होगी। फालतू खर्च होगा। विवाद को बढ़ावा न दें। चोट व दुर्घटना के प्रति सावधानी आवश्यक है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

**तुला :** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। मानसिक बेचैनी रहेगी। सभी तरफ से सफलता प्राप्त होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। ऐश्वर्य के साधनों पर अधिक व्यय होगा।

**वृश्चिक :** स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। समय की अनुकूलता का लाभ लें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है। जोखिम न उठाएं। प्रसन्नता रहेगी।

**धनु :** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद प्राप्त होगा। मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। रोजगार मिलेगा। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कानूनी अड़चन सामने आएगी।

**मकर :** मेहनत अधिक होगी। लाभ के अवसर टलेंगे। मानसिक बेचैनी रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा। कोई बड़ी बाधा उठ खड़ी हो सकती है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें, गुम हो सकती है। विवाद के बढ़ावा न दें। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें।

**कुंभ :** व्यापार लाभदायक रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। ऐश्वर्य के साधनों पर खर्च होगा। घर-बाहर सुख-शांति रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। प्रमाद न करें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। मेहनत का फल मिलेगा। मान-सम्मान मिलेगा। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे।

**मीन :** उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। बुद्धि का प्रयोग करेंग। कार्य में सफलता मिलेगी। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। लाभ में वृद्धि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। समय सुखपूर्वक व्यतीत होगा।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### अयोध्या रेप केस में बड़ा एक्शन, सपा नेता की बेकरी पर चला बुलडोजर

**अयोध्या.** अयोध्या में नाबालिग से गैंगरेप के मामले में योगी सरकार ने सख्ती दिखाई है। थानेदार और चौकी प्रभारी के निलंबन के बाद अब रेप केस का आरोपी सपा नेता की बेकरी पर बुलडोजर चला है। अधिकारियों की मौजूदगी में सपा नेता की बेकरी को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया। अयोध्या में हुई इस कार्रवाई के बाद से अपराधियों में दहशत फैल गई है। शुक्रवार को दुष्कर्म पीड़ित बच्ची की मां ने मुख्यमंत्री से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात के बाद प्रशासन हरकत में आ गया। शनिवार सुबह से ही पुलिस प्रशासन मुस्तैदी से डटा रहा। एडीएम प्रशासन, एसडीएम सोहावल तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत भादरसा अंजू यादव शहीद पुलिस टीम की मौजूदगी में गैंग रेप के मुख्य आरोपी सपा नेता मोईद खान की बेकरी को तीन बुलडोजर लगाकर ध्वस्त करवा दिया गया। वह जमीन जानकी प्रसाद की बताई जा रही है। जिसपर बेकरी बनाकर संचालित किया जा रहा था। बेकरी के उत्तर आधा हेक्टर तालाब की भूमि पर भी बाउंड्री बनाकर कब्जा किया गया था जिसको गिरकर नष्ट कर दिया गया।

### चार दिन से लापता बच्ची का मिला शव, बंद नाली को तोड़कर निकालने की कोशिश जारी

**अयोध्या.** अयोध्या में मवई थाना क्षेत्र के कोंडरा गांव में लापता मासूम दलित बच्ची का आज चौथे दिन सुराग लग गया। बच्ची का शव घर के सामने बनी आरसीसी नाली के अंदर से बरामद हुआ है। पुलिस नाली तोड़वाकर शव निकालने के प्रयास में जुटी हुई है। बताते चले कि मंगलवार की देर रात्रि उमस भरी गर्मी के चलतेकुंडरा गांव निवासी विश्राम पत्नी संगीता अपनी 12 दिन पूर्व जन्मी कन्या के साथ 3 वर्षीय मासूम बेटी ज्योति को लेकर छत पर सो रही थी। घर के बाहर अपने बेटे के साथ पिता विश्राम रावत सो रहा था। बुधवार की सुबह करीब 4 बजे जब पत्नी की नींद खुली तो देखी उसकी बेटी ज्योति चारपाई से गायब है।

### लड़की के घरवालों ने फूंका लड़के का घर

**बरेली.** बरेली के सिरौली में युवती के अपहरण में रिपोर्ट न दर्ज होने से आक्रोशित परिजनों ने भीड़ के साथ समुदाय विशेष के आरोपी के घर में तोड़फोड़ कर उसे फूंक दिया। भीड़ ने पुलिस की गाड़ी में भी तोड़फोड़ की। आक्रोशित भीड़ को देखकर पुलिस कर्मियों ने मौके से भागकर जान बचाई। सूचना पर एसपी साउथ समेत तीन थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड ने घर में लगी आग बुझाई। पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। थाना सिरौली के शिवनगर गांव में समुदाय विशेष का युवक सद्दाम गांव की युवती को छह दिन पहले बहलाकर साथ ले गया था। युवती के घरवालों की शिकायत पर पुलिस ने खोजबीन शुरू की लेकिन रिपोर्ट नहीं दर्ज की गई। पुलिस ने गुरुवार को दोनों को बरामद कर लिया।

# वायनाड लैंडस्लाइड में 134 शव टुकड़ों में मिले

- **341 का पोस्टमॉर्टम, 206 की पहचान हुई**
- **डेडबॉडी ढूंढने सेना के डीप सर्च रडार मंगाए गए**

**वायनाड.** केरल के वायनाड में 29-30 जुलाई की रात भारी बारिश के बाद हुए लैंडस्लाइड में मरने वालों की संख्या 341 पहुंच गई है। इन सभी शवों का पोस्टमॉर्टम हो चुका है। इनमें 146 शवों की पहचान हो चुकी है। 134 लोगों के शरीर के सिर्फ टुकड़े बरामद हुए हैं।



सेना ने 1 अगस्त को मुंडक्कई, चूरलमाला, अट्टामाला और नूलपुझा गांवों में रेस्क्यू ऑपरेशन खत्म होने की जानकारी दी थी। अब सिर्फ मलबे में दबे शवों को ढूंढने का काम चल रहा है। कई जगह जमीन के अंदर मलबे में 20 से 30 फीट तक शवों के दबे होने की आशंका है। सेना ने ऐसे इलाकों को सैनेटाइज करने के लिए डीप सर्च रडार मंगाई है। यह रडार जमीन के अंदर 80 मीटर तक की गहराई में इंसानों के फंसे होने का पता लगाता है। सेना इस रडार का इस्तेमाल बर्फीले इलाकों खासकर सियाचिन ग्लेशियर, पहाड़ी चोटियों और एवलांच के दौरान करती है।



#### वेस्टर्न घाट को ईको सेंसटिव एरिया घोषित करने के लिए सरकार ने ड्राफ्ट बनाया

केंद्र सरकार ने केरल के वायनाड में 13 गांवों समेत छह राज्यों में पश्चिमी घाट के 56,800 वर्ग किमी से ज्यादा क्षेत्र को इकोलॉजिकली सेंसिटिव एरिया (ESA) घोषित करने जा रहा है। इसके लिए एक ड्राफ्ट का नोटिफिकेशन जारी किया है, जिसमें 60 दिनों के भीतर सुझाव और आपत्तियां मंगाए गए हैं।

ड्राफ्ट में केरल के 9,993.7 वर्ग किमी को ESA के तहत लाने का प्रस्ताव है। इसमें लैंडस्लाइड प्रभावित जिले की दो तालुका के 13 गांव शामिल हैं। हालांकि इनमें आपदा प्रभावित मुंडक्कई, चूरलमाला और अट्टामाला शामिल नहीं हैं।

## ताजमहल में घुसकर 2 युवकों ने गंगाजल चढ़ाया

- **ओम का स्टीकर चिपकाया, दावा-ये तेजोमहालय शिव मंदिर है**

**आगरा.** आगरा के ताजमहल में तहखाने के करीब और दीवार पर दो युवकों ने शनिवार को जल चढ़ाया। ओम का स्टीकर भी चिपकाया। दावा किया जा रहा है कि वे बोतल में गंगाजल लेकर गए थे। उन्होंने इसका वीडियो भी बनाया। जिसमें वे कहते हैं कि अब अंतिम पड़ाव पर पहुंच गए हैं। हर-हर महादेव।

CISF ने उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया। ये दोनों अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकर्ता



श्याम और वीनेश कुंतल हैं। हिंदू महासभा का दावा है कि यह ताजमहल नहीं, तेजोमहालय शिव मंदिर है।

DCP आगरा सिटी सूरज राय ने कहा। गंगाजल चढ़ाने की पुष्टि अभी नहीं हुई है। मामले की जांच की जा रही है।

## प्रयागराज में वंदे भारत के ट्रैक पर रखा सिलेंडर

### टेप बांधकर मुर्गा चिपकाया, पत्थर बिछाए...अरेस्ट; REEL का जुनून या साजिश

**प्रयागराज.** यूपी के प्रयागराज में वंदे भारत ट्रेन के ट्रैक पर एक युवक ने सिलेंडर, साइकिल और पत्थर रख दिए। उसने ऐसा REEL बनाने के लिए किया। ट्रेन जब ट्रैक से गुजरी तो पत्थर दूर जा गिरा। पुलिस का मानना है कि ट्रैक पर रखी चीजों से ट्रेन पटरी से उतर सकती थी। शुक्रवार शाम को पुलिस ने आरोपी युवक को अरेस्ट कर लिया। उसका कहना है- यू-ट्यूब पर दोस्तों के उकसाने और लाइक्स के चक्कर में वीडियो बना रहा था। हालांकि, पुलिस ट्रेन पलटाने की साजिश के एंगल पर भी जांच कर रही है।आरोपी के वीडियो भी सामने आए हैं। इसमें वह ट्रैक पर टेप से मुर्गा चिपकाता, सिलेंडर रखता और पत्थर बिछाता नजर आ रहा है।



#### 10वीं पास है आरोपी युवक

आरोपी की पहचान 22 साल के गुलजार के रूप में हुई। वह नवाबगंज का रहने वाला है। उसने 10वीं तक पढ़ाई की है। रेलवे पुलिस ने बताया- उसका यूट्यूब पर गुलजार इंडियन हैकर के नाम से चैनल है। उसके 2 लाख 36 हजार फॉलोअर हैं। वह सोशल मीडिया पर व्यूज पाने के लिए ट्रेन के आगे स्टेपलाइजर, कूलर, साइकिल, स्टोव रखकर वीडियो बनाता था। एक युवक ने X पर रेलवे और पुलिस अफसरों को टैग किया। मामले की जांच की गई तो पता चला युवक नवाबगंज का रहने वाला। इसके बाद थाने की पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की। कुछ घंटे रेकी के बाद घर से युवक को अरेस्ट कर लिया।

#### DCP बोले- युवक से साजिश के एंगल पर पूछताछ जारी

**DCP** गंगा नगर अभिषेक भारती का कहना है- **RPF** ने धारा 145/147, रेलवे एक्ट 153 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। उससे लंबी पूछताछ की जा रही है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि वह किसी के इशारों पर तो इस तरह की हरकतें नहीं कर रहा था। इसके पीछे सिर्फ रील बनाना या फिर कुछ और साजिश है।

## जम्मू कश्मीर में चुनाव का ऐलान जल्द?

- **ऐक्शन में चुनाव आयोग, तैयारियों का जायजा लेने के लिए होगा दौरा**

**नई दिल्ली.** जम्मू कश्मीर में चुनाव की तैयारियां जोर पकड़ने लगी हैं। इसी क्रम में चुनाव आयोग अगले हफ्ते जम्मू कश्मीर का दौरा करेगा। यह दौरा मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में 8-10 अगस्त तक होगा। इस दौरान उनके साथ चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और एसएस संधू भी होंगे।

गौरतलब है कि इस केंद्रशासित प्रदेश में चुनाव कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने 30 सितंबर की समयसीमा तय की है। पिछले मार्च में, कुमार उस समय केंद्र शासित प्रदेश का दौरा करने वाले तीन सदस्यीय आयोग के एकमात्र सदस्य थे। उन्होंने राजनीतिक दलों और जम्मू कश्मीर के लोगों को आश्वासन दिया था कि निर्वाचन आयोग जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव जल्द ही कराएगा। उस समय निर्वाचन आयुक्तों के दो पद खाली थे। सोलह मार्च को लोकसभा चुनाव की घोषणा से



कुछ दिन पहले ही उन्हें भरा गया था।

जम्मू कश्मीर में लोकसभा चुनाव में रिकॉर्ड मतदान के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा था कि यह सक्रिय भागीदारी जल्द ही होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए एक बहुत बड़ी सकारात्मक बात है, ताकि केंद्र शासित प्रदेश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया जारी रहे। श्रीनगर में, आयोग सबसे पहले राजनीतिक दलों से मुलाकात कर सकता है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी और केंद्रीय बलों के समन्वयक के साथ समीक्षा की जाएगी। आयोग सभी जिलों के निर्वाचन अधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों के साथ-साथ मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक के साथ तैयारियों की समीक्षा भी करेगा।

आयोग दस अगस्त को कानून लागू करने वाली एजेंसियों के साथ समीक्षा बैठक के लिए जम्मू का दौरा करेगा। समीक्षा प्रक्रिया पर मीडिया को जानकारी देने के लिए आयोग जम्मू में प्रेस कांफ्रेंस भी करेगा। जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव जब भी होगा, 2019 में संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त किये जाने और तत्कालीन राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद से पहला विधानसभा चुनाव होगा।

### वायनाड त्रासदी के 5 दिन बाद बचाए गए 4 आदिवासी बच्चे

**वायनाड.** केरल वन विभाग के अधिकारियों को ऊंची पहाड़ियों पर अपने साहसी प्रयास में बड़ी कामयाबी मिली है। उन्होंने आदिवासी समुदाय के 4 बच्चों और उनके माता-पिता को बचा लिया, जो वायनाड भूस्खलन के बाद से गुफा में फंसे हुए थे। कलपेट्टा रेंज के वन अधिकारी के. हशीस के नेतृत्व में चार सदस्यीय टीम ने यह रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। इस बचाव अभियान में एक तरफ से ही साढ़े चार घंटे लग गए। जिन लोगों को बचाया गया, उनमें 1-4 साल की उम्र के चार बच्चे भी शामिल हैं।

## 20 दिन में 14 की मौत



- **दिल्ली शेल्टर होम मामला**
- **मजिस्ट्रेट जांच के आदेश**

**नई दिल्ली.** दिल्ली के एक शेल्टर होम में पिछले एक महीने में 14 लोगों की मौत हो गई है। इसमें 8 महिलाएं और 6 पुरुष (एक बच्चा) शामिल है। मामला रोहिणी स्थित आशा किरण शेल्टर होम का है। यह दिल्ली सरकार की तरफ से संचालित एकमात्र संस्था है, जहां मानसिक रूप से कमजोर लोगों की देखभाल की जाती है।

न्यूज एजेंसी के मुताबिक, शेल्टर होम में फरवरी 2024 से अबतक कुल 25 मौतें हुई हैं। इनमें से 14 मौतें केवल जुलाई 2024 में हुई हैं। शेल्टर होम की ओर से दिल्ली सरकार को दी गई रिपोर्ट में दस्त और बेहोशी से मौत होने की बात कही गई है। साथ ही हल्का बुखार और उल्टी की बात भी शामिल हैं।

मामले में दिल्ली की राजस्व मंत्री आतिशी ने राजस्व विभाग को मजिस्ट्रेट जांच करने और 48 घंटे के भीतर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है।

## तमिलनाडु के मंत्री बोले- राम के वजूद का सबूत नहीं

- **राम अवतार होते तो उनका जन्म नहीं होता, अगर जन्म हुआ है तो वे भगवान नहीं**

तमिलनाडु के परिवहन मंत्री एसएस शिवशंकर ने शुक्रवार को भगवान राम को लेकर विवादित बयान दिया है। द हिंदू की रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने कहा है कि भगवान राम के अस्तित्व को साबित करने के लिए कोई पुरातात्विक सबूत या ऐतिहासिक रिकॉर्ड हमारे सामने नहीं है।

शिवशंकर ने राजेंद्र चोल की जन्म शताब्दी के अवसर पर अरियालुर जिले के बृहदेश्वर मंदिर



में एक इवेंट के दौरान कहा- चोल वंश के सम्राट राजेंद्र चोल का जन्मदिन हम इसलिए मना रहे हैं, क्योंकि हमारे पास शिलालेख जैसे सबूत हैं।

उन्होंने कहा कि भगवान राम के इतिहास का पता लगाने के लिए हमारे पास कोई सबूत नहीं है। अगर राम अवतार होते तो उनका जन्म नहीं हो सकता था, अगर उनका जन्म हुआ तो वे भगवान नहीं हो सकते थे।

शिवशंकर ने कहा कि दावा किया गया था कि भगवान राम 3,000 साल पहले रहते थे। इन दावों का लक्ष्य समाज को गुमराह करना है। इनका उद्देश्य तमिलों के इतिहास को दबाना है। तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री करुणानिधि इन लोगों के गलत इरादों को पहले ही समझ गए थे।

करुणानिधि ने तमिलों की कल्चर को बचाने और बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए। उन्होंने तमिलों की पहचान को स्पष्ट रूप से समाज के सामने रखा। करुणानिधि रामायण और महाभारत के खिलाफ थे। रामायण और महाभारत को कई शताब्दियों से थोपा जा रहा है।

## CHANGE OF NAME

I Declare My Old Name from
**JAGDISH MENGHRAJ MOHINANI**
to now My New Name is
**JAGDISH MENGHRAJMAL MOHINANI.**
So all the public now call me
**JAGDISH MENGHRAJMAL MOHINANI.**
(Add: 504, Sai Drishti Apt, Behind Jhulelal Mandir, Mukund Nagar, Ulhasnagar-421001. Dist Thane).

## लक्ष्य सेन ने ओलंपिक में रचा इतिहास



- **बैडमिंटन मेंस सिंगल्स के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने**

भारत के स्टार शटलर लक्ष्य सेन ने पेरिस ओलंपिक 2024 के बैडमिंटन के मेंस सिंगल्स इवेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश करते ही इतिहास रच दिया। लक्ष्य सेन ओलंपिक में बैडमिंटन के मेंस सिंगल्स का क्वॉर्टर फाइनल जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए उन्होंने चीनी ताइपे के दिग्गज खिलाड़ी चोउ टिएन चेन को हराकर ये उपलब्धि हासिल की है। भारत के कई खिलाड़ी ओलंपिक खेलों में बैडमिंटन में मेंस सिंगल्स के क्वॉर्टर फाइनल तक पहुंचे, लेकिन ऐसा पहली बार था, जब किसी पुरुष खिलाड़ी ने इसे जीता।

चीनी ताइपे के चोउ टिएन चेन के खिलाफ लक्ष्य सेन ने पहला गेम 21-19 के करीबी अंतर से गंवाया था। हालांकि, अगले ही गेम में उन्होंने वापसी करते हुए टिएन चेन को 21-15 से करारी शिकस्त देकर उसके हौसले पस्त किए थे। वहीं, अगले गेम में उन्होंने लगभग एकतरफा जीत दर्ज की। लक्ष्य सेन ने तीसरा गेम 21-12 के अंतर से जीता और सेमीफाइनल का टिकट हासिल किया। राउंड 16 का मैच उनके लिए कठिन था, क्योंकि लक्ष्य के सामने उनके ही हमवतन एसएच प्रणय थे। एसएच प्रणय को लक्ष्य सेन ने 2-0 से करारी शिकस्त देकर क्वॉर्टर फाइनल में जगह बनाई थी।

उत्तराखंड के अल्मोड़ा के रहने वाले लक्ष्य सेन महज 22 साल के हैं। उन्होंने 2021 वर्ल्ड चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। वहीं, 2022 कॉमनवेल्थ गेम्स में वे गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। इसके अलावा उसी इवेंट में वे मिक्स्ड टीम के तौर पर सिल्वर मेडल भी अपने नाम कर चुके हैं। एशियन गेम्स 2022 में उनको सिल्वर मेडल मिला था। इसके अलावा भी उनके नाम कई मेडल हैं। अगर वे ओलंपिक खेलों में गोल्ड, सिल्वर या कांस्य पदक जीत जाते हैं तो निश्चित तौर पर वे भारत के पहले पुरुष शटलर बन जाएंगे, जिन्होंने कोई ओलंपिक मेडल जीता है।

## केंद्र ने BSF चीफ और डिप्टी चीफ को हटाया

**नई दिल्ली.** केंद्र सरकार ने शुक्रवार देर रात बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (BSF) के डायरेक्टर जनरल नितिन अग्रवाल और डिप्टी स्पेशल डायरेक्टर जनरल योगेश बहादुर (वाईबी) खुरानिया को पद से हटा दिया है। दोनों को अपने-अपने होम कैडर (नितिन अग्रवाल को केरल और खुरानिया को ओडिशा) रिपोर्ट करने के लिए कहा गया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, गृह मंत्रालय ने 30 जुलाई को कैबिनेट की अपॉइंटमेंट कमेटी को आदेश जारी करने को कहा था, जिसके बाद डिपार्टमेंट ऑफ पर्सनल ट्रेनिंग की डायरेक्टर साक्षी मित्तल ने ये आदेश जारी किए हैं। हालांकि, दोनों टॉप अधिकारियों को हटाने की वजह और उन्हें मिलने वाली नई जिम्मेदारी के बारे में अभी नहीं बताया गया है। साथ ही BSF के नए चीफ और डिप्टी चीफ के नाम की घोषणा भी नहीं हुई है।

#### नितिन अग्रवाल कार्यकाल पूरा न करने वाले पहले DG

नितिन अग्रवाल 1989 बैच के केरल कैडर के IPS ऑफिसर हैं। वे BSF के पहले DG होंगे, जिन्हें अपना कार्यकाल बीच में ही छोड़ना पड़ा।

### 'सिर झुकाकर बात करो...; महिला अधिकारी को मंत्री ने हड़काया

**नई दिल्ली.** भाजपा ने पश्चिम बंगाल सरकार में मंत्री अखिल गिरि पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बीजेपी का दावा है कि गिरी ने उस महिला वन अधिकारी को धमकाया, जो वन क्षेत्रों से अवैध अतिक्रमण हटाने का प्रयास कर रही थी। भाजपा की पश्चिम बंगाल यूनिट की ओर से सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया गया, जिसमें गिरी महिला वन अधिकारी पर चिल्लाते हुए नजर आ रहे हैं।

बंगाल के मंत्री ने महिला अधिकारी से कहा, 'तुम सरकारी कर्मचारी हो। मेरे सामने बोलते समय अपना सिर झुका लो। देखो, हफ्ते भर के भीतर तुम्हारे साथ क्या होता है। मैं तुम्हें छड़ी से मारूंगा।' बीजेपी ने एक्स पर पोस्ट करके कहा, 'क्या ममता बनर्जी इस मंत्री को बाहर निकालेंगी? क्या उनके खिलाफ सरकारी कर्मचारियों के काम में बाधा डालने और महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने का आरोप लगेगा? देखते हैं कि क्या इस गुंडे को महिला की अप्रत्यक्ष रूप से हत्या करने और उसके अपमान की धमकी देने के लिए जेल में डाला जाता है।'

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

**अंबरनाथ नगरपरिषद, अंबरनाथ**

स्वातंत्र्याचा अमृत महोत्सव

जा.क्र.अंनप/पापुवजनि/2024-25/259 दि. 31/7/2024

**कोटेशन नोटीस**

अंबरनाथ नगरपरिषदेस खालील काम करावयाचे असुन, नोंदणीकृत ठेकेदार यांचेकडुन त्याबाबत सिलबंद कोटेशन्स मागविण्यात येत आहेत. ज्या कोणास सदर काम करावयाचे असेल त्यांनी सदर कामांचे दर सर्व करांसह बंद पाकीटात खाली सही करणार यांचेकडे दि. 9/8/2024 रोजी सायं 3.00 वाजे पर्यंत आणून द्यावेत. तसेच आलेली कोटेशन त्याच दिवशी किंवा प्रशासनाच्या सोयीनूसार हजर कोटेशन धारकांसमक्ष उघडण्यात येतील. कोणतेही एक कोटेशन स्विकारणे अथवा नाकारणेचा अधिकार निम्न स्वाक्षरीकार यांनी राखून ठेवला आहे. तसेच खालील पैकी कोणतेही एक कागदपत्र सादर न केल्यास किंवा सादर केलेल्या कोणत्याही कागदपत्रात खरेपणा न आढळल्यास कोटेशन फेटाळण्यात येतील याची नोंद घ्यावी.

| अ. क्र. | कामाचे नाव | अंदाजित रक्कम रु. | इसारा रक्कम रु. |
|---|---|---|---|
| 01. | वॉर्ड क्र. 16 कोहोजगांव कमलाकर नगर येथील विठ्ठला मंदिरा जवळील संतोष मराठे यांच्या घरापासून ते लता यांच्या घरापर्यंत गटार बांधणे. | रु. 4,34,561/- | रु. 4346/- |

**1) तांत्रिक बोलीचा लिफाफा क्र. 01**
अ) पॅनकार्ड
क) कॉन्ट्रॅक्टर परवाना.
ड) जी.एस.टी. नोंदणी प्रमाणपत्र.
इ) इसारा रक्कमेचा डी.डी

**2) वित्तीय बोलीचा लिफाफा क्र. 02**
अ) मूळ प्रतितील दरपत्रक.

**टिप :-** सदर कोटेशन नगरपरिषदेच्या www.ambarnathcouncil.net या संकेतस्थळावर उपलब्ध आहे.
प्रत :- सुरक्षा विभाग नगरपरिषद नोटीस बोर्डावर प्रसिध्दीकरिता.

शिक्का

सही/-
**(डॉ. प्रशांत रसाळ)**
मुख्याधिकारी,
अंबरनाथ नगरपरिषद

**जाहीर नोटीस**
**तहसिलदार तथा तालुका कार्यकारी दंडाधिकारी उल्हासनगर यांचे कार्यालय, गांधी रोड उल्हासनगर-5**
दुरध्वनी क्र.:-02512530568 ईमेलः tahulhasnagar@gmail.com

1) श्री. सिताराम आर यादव — अर्जदार
रा. उल्हासनगर, जि. ठाणे
**विरुध्द**
2) निबंधक, जन्म मृत्यु नोंदणी विभाग, उल्हासनगर महानगरपालिका, उल्हासनगर — सामनेवाले

तमाम जनतेस सदर नोटीसीद्वारे सुचीत करण्यात येते आहे ते येणेप्रमाणेः

1. उपरोक्त अर्जदार यांची आई चंद्रज्योती रामब्रीक्ष यादव यांचा मृत्यू उल्हासनगर येथे दिनांक 05/02/2015 रोजी झालेला आहे. अर्जदाराकडून काही अपरिहार्य कारणामुळे तसेच अनावधनामुळे सदर मृत्यूची नोंद निबंधक, जन्म मृत्यु नोंदणी विभाग, उल्हासनगर महानगरपालिका, उल्हासनगर दफ्तरी करुन मृत्यूचा दाखला प्राप्त करुन घ्यावयाचा राहीला होता. अर्जदार यांना त्यांच्या वडीलांचा मृत्यू दाखल्याची आवश्यकता आहे.
2. उशीरा जन्म नोंदणी दाखला मिळणेसाठी मा. तहसीलदार तथा कार्यकारी दंडाधिकारी यांचेकडुन आदेश प्राप्त करुन घ्यावयाचा असल्यामुळे सदर कार्यालयास किरकोळ अर्ज दावा क्र 72/2024 दाखल केला आहे.
3. सदर बाबत कोणत्याही व्यक्तीची कोणतीही हरकत असल्यास ही नोटीस प्रसिध्द झाल्यापासून 30 दिवसाच्या आत सदर न्यायालयात दाखल करावी. वरील मुदतीत कोणी योग्य हरकत न दाखल केल्यास अर्जदार यांना सदर कार्यालयातर्फे अर्जदार अर्जदार यांची आई चंद्रज्योती रामब्रीक्ष यादव यांचा मृत्यू नोंदणीचा दाखला मिळणेकरीता आदेश करण्यात येईल.

आज दिनांक माहे 1/08/2024 रोजी माझे सहीने व शिक्क्याने दिली.

हुकुमावरुन

उल्हासनगर तहसील कार्यालयाचा शिक्का

सही /-
**कार्यकारी दंडाधिकारी, उल्हासनगर**

## संक्षेप...

### छत का प्लास्टर गिरने से पुरुष और एक महिला जख्मी

**ठाणे.** मुंबई से सटे ठाणे के दिवा में हादसा हुआ है. यहां एक घर के कमरे की छत का प्लास्टर अचानक से गिर गया. जिस हादसे में एक पुरुष और एक महिला घायल हो गई है. दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जहां पर उनका इलाज चल रहा है. फिलहाल दोनों खतरें से बाहर बताए जा रहे हैं. वहीं छत का प्लास्टर गिरने के बाद की कुछ तस्वीरें भी सामने आई है.

### वाईन शाप से 4.75 लाख की चोरी

कल्याण स्टेशन क्षेत्र में चोरों ने गिरीश वाइन शॉप को टारगेट बनाया है, इस वाइन शॉप से कुछ ही दूरी पर एसीपी कार्यालय, पुराना महात्मा फुले पुलिस स्टेशन है, कल रात लगभग दो चोरों ने वाइन शॉप के पीछे से एग्जॉस्ट फैन को हटा दिया और अंदर प्रवेश कर दुकान से करीब चार लाख 75 हजार की चोरी कर फरार हो गए। ये चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो चुके हैं.

# भारी वाहन, गड्ढे एवं अवैध रिक्शा स्टैंड से भिवंडी शहर फंसा जाम में

- ट्रैफिक विभाग एवम मनपा की लापरवाही उजागर

उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** पावरलूम नगरी भिवंडी से होकर गुजरने वाले भारी वाहनों, गड्ढों एवम अवैध आटोरिक्शा स्टैंड की वजह से शहर यातायात जाम के जाल में फंसा हुआ है. सड़कों के किनारे, सार्वजनिक स्थानों पर अवैध आटोरिक्शा स्टैंडों की भरमार है. अवैध रिक्शा स्टैंड से नागरिकों को जाम की भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है. बारिश में सड़कों पर हुए गड्ढे भी जाम बढ़ा रहे हैं. जनहित सामाजिक संस्था ने मनपा प्रशासन एवम ट्रैफिक विभाग से यातायात जाम से छुटकारा दिलाने के लिए जरूरी कदम उठाने की मांग की है.

गौरतलब हो कि, पावरलूम नगरी भिवंडी भारी वाहनों के दिनभर आवागमन, बरसात के गड्ढों



एवं अवैध रूप से हर जगह बने हुए ऑटोरिक्शा स्टैंड के कारण भयंकर जाम से घिर गई है. भिवंडी में बाहर से 24 घंटे आने जाने वाले भारी वाहनों से जाम समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है. भारी वाहनों का दिन में प्रवेश नहीं किए जाने की बारंबार मांग का कोई असर ट्रैफिक विभाग पर नहीं पड़ रहा है.

### रिक्शा स्टैंड की भरमार...

मंडई, पार नाका, नजराना टॉकीज से शिवाजी चौक तक 4 रिक्शा स्टैंड अस्तित्व में है. मंडई से तीन बत्ती, गुप्ता स्वीट मार्ट,कोटर गेट मस्जिद, मनपा पुरानी बिल्डिंग जकात नाका तक आधा दर्जन रिक्शा स्टैंड बनाए जाने से ऑटो रिक्शा चालकों द्वारा मनमानी तरीके से जाम को बढ़ावा दिया जा रहा है.कल्याण नाका स्थित भिवंडी कल्याण मार्ग, धामणकर नाका, बंजार पट्टी नाका मार्ग के दोनों किनारों पर ऑटोरिक्शा स्टैंड बने हुए हैं.बंजार पट्टी नाका पुराना नासिक महामार्ग, नदी नाका,शिवाजी चौक मार्ग के दोनों किनारों पर बने हुए रिक्शा स्टैंड से जाम की भयंकर समस्या को बढ़ावा मिल रहा है.धामनकर नाका फ्लाईओवर के दोनों मार्ग के किनारे आटोरिक्शा स्टैंड होने से लोग भारी जाम की समस्या भोगने को विवश हैं.

### कालेज रोड पर महिलाएं असुरक्षित

धामनकर नाका से बीएनएन कॉलेज वराल देवी तालाब मार्ग पर विद्यार्थियों को गड्ढों एवम अवैध आटोरिक्शा स्टैंड की वजह से पैदल भी सुरक्षित चलना बेहद मुश्किल है. बीएनएन कालेज रोड अति व्यस्ततम होने के बावजूद मनपा एवम ट्रैफिक विभाग का कोई ध्यान जाम नियंत्रण पर नहीं रहता है.कॉलेज रोड पर रिक्शा स्टैंड एवम बारिश में हुए गड्ढों से होने वाले भारी जाम के कारण आए दिन महिलाओं से चेन स्नेचिंग, छात्राओं से धक्कामुक्की एवम राहगीरों से दादागीरी जैसी बदसलूकी की घटनाएं घटित होती हैं.

# सांसद शिंदे ने किया वृक्षारोपण

- वन्यप्राणियों के लिए अस्पताल का भी उदघाटन

उल्हास विकास संवाददाता



**कल्याण.** शनिवार को कल्याण के ग्रामीण भाग आडिवली-ढोकली में वन विभाग की जमीन पर विभिन्न प्रजातियों के 1200 पेड़ लगाए गए। वृक्षारोपण के उपरांत कल्याण के सांसद डॉ.श्रीकांत शिंदे ने कहा कि आज पर्यावरण को देखते हुए कल्याण-डोंबिवली महापालिका प्रशासन ने जो वृक्षारोपण का अभियान चलाया है वह सराहनीय कदम है। समाज के सभी वर्गों को एकत्रित होकर यह काम करना चाहिए, जिससे एक बेहतरीन प्राकृतिक वातावरण तैयार होगा। इस अभियान में नेतिवली के प्रबोधनकार ठाकरे विद्यालय के छात्रों ने भी भाग लिया। इस दौरान शिवसेना (शिंदे) के जिला प्रमुख गोपाल लांडगे, डोंबिवली शहर प्रमुख राजेश मोरे, मनपा की शहर अभियंता अनिता परदेशी, अतिरिक्त आयुक्त हर्षल गायकवाड, पर्यावरण विभाग के उपायुक्त अतुल पाटील, मुख्य उद्यान अधीक्षक संजय जाधव, वन विभाग के अधिकारी विवेक नातू, कार्यकारी अभियंता रोहिणी लोकरे, योगेंद्र राठौड़, मनोज सांगले, शैलेश मलेकर, शिक्षणाधिकारी विजय सरकटे, जनसंपर्क अधिकारी माधवी पोफले, सहायक आयुक्त हेमा मुम्बरकर, किशोर ठाकुर, अनिल तामोरे, महेश देशपांडे सहित महापालिका के तमाम अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे। इस दौरान देसी प्रजाति के 1200 पेड़ लगाए गए, जिसमें जामुन, आंवला, कटहल, कदंब, करंजी आदि का शामिल थे।



# होर्डिंग हादसे के बाद राजनीति गरमाई

- कांग्रेस ने की कार्रवाई की मांग
- आंदोलन की दी चेतावनी



**कल्याण.** शुक्रवार को कल्याण के सहजानंद चौक में विशालकाय होर्डिंग गिरने से लोगो में अफरातफरी मच गई। इस घटना में दो लोग मामूली रूप से जख्मी हुए, जब कि कुछ वाहनों का नुकसान हुआ।

हालांकि इस हादसे में कोई जनहानि तो नहीं हुई, लेकिन बड़ी-बड़ी होर्डिंग और नागरिकों की सुरक्षा यह विषय चर्चा में आ गया है। हादसे के बाद शहर में अवैध होर्डिंग का मुद्दा फिर एक बार गर्मा गया है और जमकर राजनीति हो रही है। बीजेपी, मनसे, शिवसेना और कांग्रेस सभी राजनीतिक दल अवैध होर्डिंग्स पर कार्यवाही की मांग कर रहे हैं।

इस बीच कांग्रेस के महाराष्ट्र प्रदेश सचिव शिबू शेख ने भी अवैध होर्डिंग्स को अनुमति देने वाले महानगरपालिका अधिकारियों को फौरन निलंबित करने की मांग की है। अन्यथा कांग्रेस पार्टी की ओर से महानगरपालिका के खिलाफ जनांदोलन करने की चेतावनी दी है। बतादें कि दो वर्ष पहले नेतिवली के मेट्रो मॉल के सामने भी एक विशालकाय होर्डिंग गिरी थी। अवैध होर्डिंग के लिए जिम्मेदार ठेकेदार सहित मनपा अधिकारियों पर कार्यवाही करने की मांग शिबू शेख ने की है।

### मां के शव के साथ बेटे ने गुजारे चार दिन

**ठाणे।** ठाणे में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां 14 साल के एक किशोर ने अपनी मां को एक फ्लैट में ही चार दिनों तक बंद रखा। हालांकि, आसपास रहने वाले पड़ोसियों को इसकी भनक तक नहीं लगी। पड़ोसियों को इसकी जानकारी तब लगी, जब फ्लैट से बदबू आने के बाद उन्होंने इसकी शिकायत की। शिकायत के बाद चौकीदार और पड़ोसी बुधवार को कल्याण इलाके में एक हाउसिंग कॉम्प्लेक्स में बदबू के बारे में पूछताछ करने के लिए फ्लैट पर गए, तो एक लड़के ने दरवाजा खोला। इस दौरान उसकी मां का सड़ा हुआ शव पाया गया। किशोर ने बताया कि उसकी मां की मौत बीमारी से हुई थी और उसे किसी साजिश का संदेह नहीं है।

# भिवंडी में खेलों को बढ़ावा देने हेतु बैठक

- आयुक्त अजय वैद्य सहित तमाम अधिकारी रहे मौजूद

उल्हास विकास संवाददाता



**भिवंडी.** भिवंडी शहर में जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता आयोजित करने एवं खेल प्रशिक्षण पर जोर देने के लिए मनपा आयुक्त अजय वैद्य की अध्यक्षता में मनपा खेल समिति की बैठक आयोजित की गई. उक्त अवसर पर मनपा की वार्षिक खेलनीति की घोषणा करते हुए खेलों के प्रसार की जिम्मेदारी नगर क्रीड़ा अधिकारी एवं जनसंपर्क अधिकारी को सौंपी गई है.उक्त बैठक में मनपा अतिरिक्त आयुक्त विठ्ठल डाके, उपायुक्त (मुख्यालय) नयना ससाने, उपायुक्त (खेल) प्रणाली घोंगे, उपायुक्त (शिक्षा)अनुराधा बावर, प्रशासनिक अधिकारी बालाराम जाधव, खेल विभाग प्रमुख मिलिंद पलसुले, खेल अधिकारी शरद कलावंत सहित खेल समिति सदस्य श्रीराम पाटिल,विनोद नाइक, केशव सिलवेरी, नरेश राऊत, अकबर पिंजारी, मो.जाकिर अंसारी, साकिप पटेल, महेश मिश्रा, बख्शी मो.शोएब, भावेश गुलवी एवं अन्य समिति सदस्य मौजूद थे.

गौरतलब हो कि, मनपा स्कूल में शिक्षणरत छात्र छात्राओं के बेहतर स्वास्थ्य एवम खेल प्रतिस्पर्धा की खातिर खेल को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए आयुक्त अजय वैद्य ने कहा कि, शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में सरकार द्वारा स्वीकृत 93 खेलों की योजना के साथ ही मनपा क्षेत्र में खेल का माहौल बनाने के लिए मनपा स्कूलों में खेलों का प्रशिक्षण केंद्र खोलकर छात्र, छात्राओं को कबडडी, खोखो,योगा,वॉलीबॉल आदि खेलों के लिए प्रशिक्षित किया जाये. उन्होंने कहा कि, राज्य व राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों के लिए कुशल प्रशिक्षकों की नियुक्ति किया जानी चाहिए.सुरक्षा की खातिर अधिकारियों,कर्मचारियों को मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण देने का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश भी आयुक्त ने दिया.मनपा अधिकारियों, कर्मचारियों पर काम का दबाव कम करने के लिए कुछ खेलों की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करने की भी सलाह दी. आयुक्त वैद्य ने वर्ष 2024-25 में बड़े पैमाने पर खेल महोत्सव आयोजित करने के लिए निर्देश दिए.

### जिलाधिकारी कार्यालय में अण्णा भाऊ साठे जयंती पर पुष्प अर्पित कर अभिवादन किया



**ठाणे.** जिलाधिकारी कार्यालय पर कार्यालय लोकशाही अण्णा भाऊ साठे के जयंती के अवसर पर उनके प्रतिमा पर जिलाधिकारी अशोक शिनगारे ने हार फूल अर्पित कर अभिवादन किया।इस अवसरपर निवासी उपजिलाधिकारी सुदाम परदेशी, तहसिलदार रेवण लेंभे सहित जिलाधिकारी कार्यालय के सभी अधिकारी व कर्मचारियों ने प्रतिमा पर फूल चढ़ाकर अभिवादन किया।

# बेटे को फ्लाइट की टिकट, रिश्तेदार को मैसेज...

- इस केस ने हिला दिया पुलिस का दिमाग, क्या है पूरा माजरा?

**मुंबई.** मुंबई के गोरेगांव इलाके की एक इमारत में पति -पत्नी का शव मिलने से सनसनी मच गई. पत्नी का शव इमारत के एक फ्लैट में और पति का शव इमारत के दूसरे हिस्से में मिला है. शव मिलने की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी. प्राथमिक जांच में पुलिस को शक है कि पति ने पहले अपनी पत्नी की हत्या की और फिर इमारत से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली. मुंबई पुलिस पूरे मामले की बारीकी से तफ्तीश में जुटी है.

मुंबई पुलिस की एसीपी रेणुका बांगड़े ने कहा, "2 अगस्त को कंट्रोल रूम को जानकारी मिली थी कि एक बॉडी मिली है. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर



पहुंची. शव को कब्जे में लेने के बाद जांच की गई, तो मृतक के पास मिली चाभियों के जरिए उसके फ्लैट को खोला गया. फ्लैट के अंदर एक महिला की लाश मिली, जिसका गला चादर से दबाया गया था." पुलिस अधिकारी ने आगे कहा, "जांच में पता चला कि दोनों मृतक पति-पत्नी हैं. जांच में यह भी पता चला है कि मरने से पहले उन्होंने अपने एक रिश्तेदार को मैसेज किया था और दिल्ली में पढ़ रहे अपने बेटे के लिए मुंबई आने की फ्लाइट टिकट बुक की थी.. इसके पीछे क्या वजहें हैं..उसकी जांच की जा रही है."

अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान जिम उपकरण विक्रेता किशोर पेडनेकर और उनकी पत्नी राजेश्री के रूप में हुई है. उन्होंने बताया कि किशोर कथित तौर पर अवसादग्रस्त था. उन्होंने कहा, "यह घटना जवाहर नगर इलाके में सुबह साढ़े पांच बजे हुई. पेडनेकर ने अपनी पत्नी राजेश्री की हत्या कर दी और फिर एक इमारत से कूदकर आत्महत्या कर ली."

अधिकारी ने कहा, "पेडनेकर टोपीवाला मेंशन के सामने सड़क पर पड़ा मिला. उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सों ने उसे मृत घोषित कर दिया. मौत की सूचना देने के लिए उसकी पत्नी को किए गए फोन का जवाब नहीं मिला और दंपति का फ्लैट बंद पाया गया. हमें फ्लैट की चाबी पेडनेकर के पहने हुए लॉकेट में मिली."

अधिकारी ने बताया कि जब फ्लैट खोला गया तो पेडनेकर की पत्नी राजेश्री हॉल में पड़ी मिली और निकटवर्ती अस्पताल ले जाने पर उसे भी मृत घोषित कर दिया गया. उन्होंने कहा, "दंपति का बेटा दिल्ली में रहता है और उसे घटना की जानकारी दे दी गई है. गोरेगांव पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है."

# सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों का चूना

- 10 लोगों से 13.4 लाख रुपए की ठगी

**ठाणे.** नौकरी दिलाने का झांसा देकर 10 लोगों से ठगी करने का मामला सामने आया है. इस मामले को लेकर पुलिस ने कहा कि महाराष्ट्र के ठाणे शहर के एक सरकारी अस्पताल में नौकरी दिलाने का वादा करके एक गिरोह ने दस लोगों से 13.4 लाख रुपये ठग लिए. ठगी के आरोप में चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है.

न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक नौपाड़ा पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि पीड़ितों में से एक की शिकायत के आधार पर, पुलिस ने शुक्रवार को मोहम्मद रजा अब्दुल रशीद शेख, अभिजीत कुलकर्णी और प्रकाश दुर्वे के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया है.

शिकायत के अनुसार, आरोपी जनवरी 2023 से ऑनलाइन लेनदेन के माध्यम से पीड़ितों से पैसे ले रहा था, उन्हें एक सरकारी अस्पताल के एक्स-रे बिलिंग विभाग में नौकरी दिलाने का वादा किया था.

# बीमार चल रहे हैं सिंगर अरिजीत सिंह

- खराब हेल्थ की वजह से पोस्टपोन किया UK म्यूजिकल टूर,
- नोट शेयर कर फैंस से माफी भी मांगी



पॉपुलर प्लेबैक सिंगर अरिजीत सिंह इन दिनों बीमार चल रहे हैं। वे 11 अगस्त को UK जाकर म्यूजिकल शो करने वाले थे। हालांकि उन्होंने यह शो खराब हेल्थ की वजह से पोस्टपोन कर दिया है। गुरुवार को सिंगर ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर नोट शेयर कर फैंस के साथ यह जानकारी साझा की है। इस नोट में उन्होंने फैंस से माफी भी मांगी है। साथ में उन्होंने बताया कि अब यह शो सितंबर में होगा।

अरिजीत सिंह ने इंस्टाग्राम नोट में लिखा- प्यारे फैंस, मुझे यह बताते हुए दुख हो रहा है कि मेडिकल रीजन्स की वजह से मुझे हमारे अगस्त के म्यूजिक इवेंट को पोस्टपोन करना पड़ रहा है। मैं जानता हूं कि आप इस शो के लिए कितनी बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। मुझे आपकी निराशा के लिए सचमुच खेद है। आपका प्यार और सपोर्ट ही मेरी ताकत है। नोट के लास्ट में अरिजीत ने लिखा- आपकी समझ, धैर्य और अटूट प्यार के लिए धन्यवाद। मैं आप सभी के साथ ना भूलने वाली यादें को इकट्ठा करने के लिए इंतजार नहीं कर सकता हूं।















यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099